भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2178

गुरूवार, 6 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल के सुधार

2178 # श्री बाबू राम निषाद:
श्री मयंककुमार नायक:
श्रीमती सीमा द्विवेदी:
श्री संजय भाटिया:
श्रीमती दर्शना सिंह:
श्री मदन राठौड़:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नौकरी चाहने वालों के लिए एनसीएस पोर्टल को अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और सुलभ बनाने के लिए कोई सुधार किये हैं, यदि हाँ, तो ऐसे सभी सुधारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) एनसीएस की सेवा पेशकश को बेहतर बनाने के लिए निजी और सरकारी भागीदारों के साथ कितने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं;

(ग) देश में कितने मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) कार्यात्मक हैं और एनसीएस पोर्टल के उपयोग को बढ़ावा देने में वे क्या भूमिका निभा रहे हैं; और

(घ) क्या सभी राज्य रोजगार कार्यालयों/राज्य करियर सेवाओं को डिजिटल कर दिया गया है तथा राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया गया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस पोर्टल को क्लाउड-आधारित, ओपन-आर्किटेक्चर प्लेटफ़ॉर्म के रूप में उन्नत किया गया है, और इसका संवर्द्धन एक सतत एवं गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए, बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें निरंतर सुधार किया जाता है और इसे अद्यतन किया जाता है। इन सुधारों में विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी नौकरी और कौशल पोर्टलों के साथ एकीकरण, उन्नत एआई-संचालित सुविधाएँ (इंटेलिजेंट जॉब मैचिंग, एआई कौशल-अंतर विश्लेषण, व्यक्तिगत नौकरी अनुशंसाएँ, एआई इंटरव्यू कोच, भाषिणी के माध्यम से बहुभाषी सहायता आदि सहित), नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए क्लाउड-आधारित अनुप्रयोग, मजबूत सत्यापन तंत्र तथा पहुंच और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ शामिल है।

मंत्रालय ने कई सार्वजनिक और निजी नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफ़ॉर्मों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि सभी रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को सुदृढ़ बनाया जा सके। अब तक, कई भागीदारों जैसे अपना, स्विगी, रैपिडो, ज़ोमैटो, अमेज़न, टीसीएस आईओएन, क्विकर और फाउंडइट (मॉन्स्टर) सहित 40 से अधिक अन्य कई भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों से एनसीएस पोर्टल पर रोजगार के अवसरों तथा रिक्तियों के एकत्रीकरण, रोजगार मेलों के आयोजन, कौशल विकास कार्यक्रमों, करियर परामर्श तथा रोजगार से संबंधित अन्य सहायक सेवाओं के एकीकरण में सहायता मिलती है।

एनसीएस पोर्टल को विभिन्न सरकारी पोर्टलों जैसे उद्यम, ई-श्रम, स्किल इंडिया डिजिटल हब, ईपीएफओ, ईएसआईसी, एमएचआरडी, डिजिलॉकर आदि के साथ भी एकीकृत किया गया है तथा संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि सरकारी भर्ती निकायों से भी जोड़ा किया गया है।

एनसीएस परियोजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, राज्य और अन्य संस्थानों के सहयोग से रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से ऑनलाइन/ऑफलाइन रोजगार मेलों का आयोजन करने, नियोक्ताओं को जुटाने, स्थानीय स्तर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन करियर परामर्श प्रदान करने जैसी करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए देश में रोजगार कार्यालयों के परिवर्तन के माध्यम से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की परिकल्पना की गई है। अब तक, सरकार ने 407 आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) को अनुमोदित किया है, जिसमें 370 रोजगार कार्यालय भी शामिल हैं, जिन्हें एमसीसी के रूप में उन्नत किया गया है।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान में 31 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत हो चुके हैं, जिनमें 8 राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र ऐसे हैं जो एनसीएस पोर्टल का सीधे उपयोग कर रहे हैं।

*****